breakthrough

ब्रेकथ्रू का सैक्सुअल हैरेसमेंट पर #Askingforit अभियान

लड़कियों ने क्रिकेट खेल कर यौन उत्पीड़न रोकने का दिया संदेश

गोरखपुर(कैंपियरगंज)12 मई 2015, मानवाधिकार और महिला हिंसा के खिलाफ काम करने वाली स्वंयसेवी संस्था ब्रेकथ्रू ने मंगलवार को महिला क्रिकेट के माध्यम से सेक्सुअल हैरेसमेंट(यौन उत्पीड़न) को रोकने के लिए लोगों को आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।बंसतपुर ग्राम पंचायत में आयोजित क्रिकेट मैच ब्रेकथ्रू के राइट्स एडवोकेट ने हिस्सा लिया।इस मौके पर उपजिलाधिकारी,कैंपियरगंज अरविंद कुमार वर्मा ने विजेताओं को सम्मानित किया साथ ही ब्रेकथ्रू के राइट्स एडवोकेट को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया।
इस मौके पर उपजिलाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि हम सब यौनिक हिंसा के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़े।आम तौर पर जब हमारी बहन-बेटियों के साथ इस तरह की घटना होती है तो उसे झेड़खानी के चश्में से देखा जाता है।जिससे यह घटना बहुत ही छोटी प्रतीत होती है और हमें जरा भी इस बात का अहसास ही नही होती कि जिसके साथ ये घटना हुई है उसकों कितना बड़ा मानसिक आघात लगता है।हमें इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेने औऱ उसके खिलाफ कड़ा कदम उठाने की जरूरत है।

थानाध्यक्ष कैंपियरगंज रमेश कुमार मिश्रा ने ब्रेकथ्रू के #Askingforit अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि अब बोलने का वक्त आ गया है।आप के आस-पास या सार्वजनिक जगहों पर अगर लड़कियों और महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न होता है तो आप खामोश मत रहिये,आवाज उठाइये क्योंकि जिसके साथ हिंसा हो रही है उसके सबसे पास आप हैं,उन्होंने कहा कि जब तक समुदाय यौन उत्पीड़न के खिलफ खड़ा नही होगा तब तक इसे खत्म किया जाना संभव नही है।

जिला पंचायत सदस्य राम करन यादव ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि उनका क्षेत्र महिलाओं औऱ लड़कियों के लिए पूरी तरह सुरक्षित हो।इंजीनियर सुरेंद्र यादव ने ब्रेकथ्रू के अभियान को अपना पूरा सहयोग देने का वादा किया।

इस मौके पर कैंपियरगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष नितिन ने कहा कि ब्रेकथ्रू के अभियान को व्यापार मंडल अपना पूरा सहयोग देगा और हम प्रयास करेंगे कि हमारी दुकानों औऱ उसके आस-पास महिलाओं और लड़कियों के सुरक्षित माहौल मिले।

इससे पहले ब्रेकथ्रू के जिला समन्वय मनीष कुमार बहल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि हमारा क्षेत्र महिला हिंसा से पूरी तरह मुक्त हो,इसी कड़ी में हमने महिला क्रिकेट का आयोजन किया है,जिससे हमारे और आप के घरों की लड़किया घर से बाहर निकल कर बेखौफ कहीं भी आ-जा सकें और अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें,कैरियर बना सकें।

कार्यक्रम में सिमेंट विक्रेता महेश,व्यापार मंडल सदस्य राजन गुप्ता,आंगनवाड़ी कार्यकर्ती शीला वर्मा व उमा मिश्रा,बंसतपुर के ग्राम प्रधान राम सिंह भी मौजूद रहे।

ब्रेकथ्रू के बारे में :-

ब्रेकथ्रू एक मानवधिकार संस्था है जो महिलाओं और लड़कियों पर होने वाली हिंसा और भेदभाव को मिटाने के लिए काम करती है।

कला,मीडिया,लोकप्रिय संस्कृति और सामुदायिक भागेदारी से हम लोगों को एक एसी दुनिया बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं,जिसमें हर कोई सम्मान,समानता और न्याय के साथ रह सके।

हम मल्टीमीडिया अभियानों के माध्यम से मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों को मुख्य धारा में ला रहे हैं। उसे दुनिया भर के समुदाय और व्यक्तियों के लिए प्रासंगिक और जरूरी बना रहे हैं।इस सबके साथ हम युवाओं,सरकारी अधिकारियों और सामुदायिक समूहों को विस्तृत प्रशिक्षण भी देते हैं जिससे एक नयी ब्रेकथ्रू जेनरेशन सामने आए जो अपने आस-पास की दुनिया में बदलाव ला सके।

।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

विनीत त्रिपाठी/मनीष बहल

09792267809/09838276648